क्रमांक-1

# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

## मंगलवार, दिनांक 21 फरवरी, 2012 (फाल्गुन 2, 1933)

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.30 बजे समवेत हुई.**

### 1. राष्ट्रगीत

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत "वन्दे मातरम्" के गायन से प्रारम्भ हुई।

### 2. महामहिम राज्यपाल महोदय का अभिभाषण

अध्यक्ष महोदय द्वारा घोषणा की गई कि अब सदन महामहिम राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा करेगा।

श्री रामनरेश यादव, राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन हुआ।

### 3. अध्यक्षीय व्यवस्था
### महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा अभिभाषण को पढ़े जाने विषयक

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि स्वास्थ्यगत कारणों से महामहिम राज्यपाल महोदय अपने अभिभाषण का प्रथम एवं अंतिम पैराग्राफ पढ़ेंगे, शेष अभिभाषण पढ़ा हुआ माना जाएगा।

राज्यपाल महोदय द्वारा अभिभाषण की समाप्ति के पश्चात्, चल समारोह के साथ सदन से प्रस्थान किया गया।

### 4. महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव की प्रस्तुति

श्री शंकरलाल तिवारी, सदस्य ने प्रस्ताव किया कि "राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए मध्यप्रदेश की विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यंत कृतज्ञ हैं." श्री विश्वास सारंग, सदस्य ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया।

अध्यक्ष महोदय द्वारा राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के लिए दिनांक 23, 24 तथा 27 फरवरी, 2012 तक का समय नियत किया गया तथा घोषणा की गई कि कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव में संशोधन दिनांक 21 फरवरी, 2012 को अपराह्न 4.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दिये जा सकते हैं।

पूर्वाह्न 10.49 बजे विधान सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 22 फरवरी, 2012 (फाल्गुन 3, 1933) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

राजकुमार पांडे<br>प्रमुख सचिव,<br>मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल :<br>दिनांक : 21 फरवरी, 2012